देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 325 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 8 फरवरी 2020

**विचार–प्रवाह...**
विज्ञान और
टेक्नॉलजी के विकास





मौसम — अधिकतम 19.0° न्यूनतम 6.0°

41141.85

2 फिर पाकिस्तान पड़ा अलग थलग

7 राहुल ही खेल सकते हैं 360* शॉट

## संक्षिप्त समाचार

### सीएए के समर्थन में रैली निकालने पर कैलाश विजयवर्गीय हिरासत में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कैलाश विजयवर्गीय को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में बिना इजाजत रैली निकालने के लिए हिरासत में लिया गया है। बता दें कि कैलाश विजयवर्गीय सीएए के समर्थन में अभिनंदन रैली निकाल रहे थे और इसके लिए उन्होंने पुलिस से इजाजत भी नहीं ली थी। इस रैली की शुरुआत कोलकाता के टॉलीगंज फेरी से होने वाली थी। रैली के लिए जैसे ही बीजेपी नेता एकत्र हुए, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

### जज की पत्नी, बेटे के हत्यारे गनर को फांसी की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
गुरुग्राम। गुरुग्राम की एक अदालत ने 2018 में जज कृष्णकांत की पत्नी और बेटे की गोली मारकर हत्या के दोषी गनर महिपाल को फांसी की सजा सुनाई। सेशंस कोर्ट ने गुरुवार को गनर को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने शुक्रवार शाम को दोषी को फांसी की सजा सुनाई। बता दें कि अक्टूबर 2018 में एक मार्केट के नजदीक महिपाल ने जज की पत्नी ऋतु और बेटे ध्रुव को गोली मार दी थी।

### बजरंगबली के दरबार में पहुंचे केजरीवाल और मनोज तिवारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 में शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंदिर जाकर अपनी–अपनी पार्टी के लिए दुआ मांगी। सीएम केजरीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। बीजेपी नेता मनोज तिवारी ने कालकाजी स्थित हनुमान मंदिर में प्रार्थना की।

# ...तब तक फांसी पर चढ़ाना पाप

## निर्भया केसः कोर्ट ने कहा– जब तक कानूनी विकल्प हैं बाकी, फांसी पर चढ़ाना पाप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश को झकझोर कर रख देनेवाले निर्भया मामले के चारों दोषियों को फांसी आखिर कब होगी, यह शुक्रवार को भी साफ नहीं हुआ। दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट ने फांसी की नई तारीख देने से फिलहाल इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि जबतक कानूनी उपचार बाकी हैं, तबतक किसी को फांसी पर चढ़ाना पाप है। कोर्ट ने दोषियों को मिले 7 दिनों का भी जिक्र किया। आपको बता दें कि कोर्ट तिहाड़ जेल प्रशासन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दोषियों के खिलाफ मौत का नया वॉरंट जारी करने की मांग की गई थी। इस पर जारी नोटिस पर दोषियों को आज अदालत के सामने अपना रुख रखना था।



अदालत ने कहा, 'जब दोषियों को कानून जीवित रहने की इजाजत देता है, तब उन्हें फांसी पर चढ़ाना पाप है। हाई कोर्ट ने पांच फरवरी को न्याय के हित में दोषियों को इस आदेश के एक सप्ताह के अंदर अपने कानूनी उपचार का इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी।' जज ने कहा, 'मैं दोषियों के वकील की इस दलील से सहमत हूं कि महज संदेह और अटकलबाजी के आधार पर मौत के वॉरंट को तामील नहीं किया जा सकता है। इस तरह, यह याचिका खारिज की जाती है। जब भी जरूरी हो तो सरकार उपयुक्त अर्जी देने के लिए स्वतंत्र है।'

### तिहाड़ प्रशासन की ओर से क्या कहा गया

कोर्ट में तिहाड़ जेल के अधिकारियों की ओर से ऐडवोकेट इरफान अहमद पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि राष्ट्रपति तीन दोषियों की दया याचिकाओं को खारिज कर चुके हैं और इस समय चारों में से किसी की भी अर्जी, अपील या याचिका किसी भी अदालत के सामने लंबित नहीं है। दोषी पवन की ओर से सुधारात्मक याचिका दायर नहीं की गई है। उसके पास दया याचिका का विकल्प भी है।

> दोषियों को फांसी देना अनैतिक होगा, जब कानून उन्हें जीने की अनुमति देता है। दोषियों के खिलाफ नया डेथ वॉरंट जारी करने का अनुरोध करने वाली तिहाड़ प्रशासन की याचिका में गुणदोष की कमी है। ऐसे में इसे खारिज किया जाता है।
>
> **–दिल्ली की एक अदालत**

### सुप्रीम कोर्ट में भी हुई सुनवाई

आपको बता दें कि आज निर्भया केस पर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई हुई थी। वहां निर्भया के दोषियों को अलग–अलग फांसी देने के पक्ष में केंद्र सरकार की अर्जी पर सुनवाई टल गई। अब इसपर मंगलवार यानी 11 फरवरी को सुनवाई होगी। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्भया सामूहिक बलात्कार एवं हत्या मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका पर 11 फरवरी को सुनवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने चार दोषियों की फांसी पर रोक लगाने के खिलाफ दायर केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

# माताओं और बहनों का कवच कोई डंडा नहीं मार सकता

## पीएम नरेंद्र मोदी का राहुल गांधी पर पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोकराझार। बोडो शांति समझौते के बाद पहली बार असम पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कुछ नेता उन्हें डंडे मारने की बात करते हैं लेकिन देश की माताओं और बहनों के आशीर्वाद से मैं बच जाऊंगा। पीएम ने कहा कि जिस मोदी को इतनी बड़ी तादाद में माताओं–बहनों की सुरक्षा हो, उसे कोई डंडा नहीं मार सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग एनआरसी, सीएए को लेकर भ्रम फैला रहे हैं लेकिन नॉर्थ–ईस्ट के लोगों से कहना चाहता हूं कि वे देश विरोधी ताकतों पर भरोसा न करें। उन्होंने कहा कि असम शांति समझौता नॉर्थ–ईस्ट के लोगों के लिए 21वीं सदी में एक नई शुरुआत है।

कोकराझार में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज जो उत्साह, जो उमंग मैं आपके चेहरे पर देख रहा हूं, वो यहां के आरोनाई और डोखोना के रंगारंग माहौल से भी अधिक संतोष देने वाला है। आजादी के बाद यह सबसे बड़ी राजनीतिक रैली है। मैंने अपने राजनीतिक जीवन में ऐसी रैली नहीं देखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन उन हजारों शहीदों को याद करने का है, जिन्होंने देश के लिए अपने कर्तव्य पथ पर जीवन बलिदान किया। असम में अब कोई हिंसा नहीं होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज का दिन असम सहित पूरे नॉर्थ–ईस्ट के लिए 21वीं सदी में एक नई शुरुआत, एक नए सवेरे का, नई प्रेरणा को वेलकम करने का है।



### सीएए को लेकर भ्रम फैला रहे हैं लोग

पीएम ने कहा, मैं आज असम के हर साथी को ये आश्वस्त करने आया हूं, कि असम विरोधी, देश विरोधी हर मानसिकता को, इसके समर्थकों को, देश न बर्दाश्त करेगा, न माफ करेगा। यही ताकतें हैं जो पूरी ताकत से असम और नॉर्थ–ईस्ट में भी अफवाहें फैला रही हैं।

### असम अकहर्ड की धारा–6 को भी जल्द लागू किया जाएगा

अकॉर्ड के तहत बीटीएडी में आने वाले क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए कमीशन भी बनाया जाएगा। इस क्षेत्र को 1500 करोड़ रुपए का स्पेशल डिवलपमेंट पैकेज मिलेगा, जिसका बहुत बड़ा लाभ कोकराझार, चिरांग, बक्सा और उदालगुड़ि जैसे जिलों को मिलेगा। अब प्रयास है कि असम अकॉर्ड की धारा–6 को भी जल्द से जल्द लागू किया जाए। मैं असम के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस मामले से जुड़ी कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद केंद्र सरकार और त्वरित गति से कार्रवाई करेगी।

# डंडामार राजनीति पर हर्षवर्धन–कांग्रेस में ठनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा में शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के सांसदों के बीच हुई नोकझोंक मामले की शिकायत स्पीकर ओम बिड़ला से की गई है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उन्होंने लोकसभा स्पीकर से मिलकर भाजपा सांसद की शिकायत की है। साथ ही लोकसभा स्पीकर से कहा है कि सांसद होने के नाते सदन में राहुल गांधी को सवाल पूछने का अधिकार है। उन्हें सवाल पूछने से रोकना उनके अधिकारों का उल्लंघन है। अधीर रंजन ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष हर्षवर्धन के खिलाफ शिकायत कराते हुए कहा है कि उन्हें सदन में आकर

### अधीर रंजन ने स्वीकारी गलती

खेद प्रकट करना चाहिए। वहीं केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का आरोप है कि उनपर कांग्रेस की ओर से हमला किया गया, इसलिए राहुल गांधी को सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए।

अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी के सवाल पूछने से पहले ही मंत्री जी ने कागज निकाला और पढ़ने लगे कि राहुल ने भाषण में क्या कहा। हमने पूछा की क्या यह सदन के नियमों में है। मंत्री जी गलत बात कहकर राहुल गांधी का अपमान करने लगे तो हमारे कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया और वेल तक चले गए।

# गोरा, सेक्स पावर बढ़ाने के ऐड पर लगेगी रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उपभोक्ताओं को बेवकूफ बनाने के लिए झूठा दावा करने वाले विज्ञापनों पर रोक को लेकर केंद्र सरकार नया कानून लाने जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ड्रग्स ऐंड मैजिक रीमेडिज में संशोधन का मसौदा पेश किया है, जिसके तहत चमत्कार के जरिए इलाज करने का दावा करने और गोरा बनाने, लंबाई बढ़ाने, सेक्स ताकत बढ़ाने, दिमागी क्षमता बढ़ाने और बुढ़ापा आने से रोकने जैसे विज्ञापन देने पर पांच साल की जेल और 50 लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है।

### 5 साल जेल और 50 लाख तक जुर्माना

संशोध से जुड़े मसौदे में ऐक्ट में पहले से मौजूद बीमारियों के अलावा कई अन्य बीमारियों, विकारों, स्थितियों को जोड़ा गया है। ऐक्ट के मुताबिक, इसमें मौजूद 78 बीमारियों, विकारों तथा स्थितियों को दूर करने का दावा करने वाले उत्पादों का विज्ञापन नहीं किया जाना चाहिए।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in